दिल्ली विकास प्राधिकरण

गोपनीय शाखा

संस्थापना आदेशः- 950 दिनांकः- 31/8/2020

वित्त सदस्य, दि.वि.प्रा. विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं के आधार पर **श्री करन सिंह सुपुत्र श्री टीका राम**, कानूनगों (वरीयता स. 102) जो की वर्तमान में भूमि प्रबंधन (उत्तरी क्षेत्र) में कार्यरत है, को नायब तहसीलदार के पद पर सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 6 में (जो कि छठे वेतन आयोग में 9300-34800/-रू. के पे बैंड में 4200/- रू. के ग्रेड पे था) पदोन्नत करते है **तथा यह आदेश दिनांक 01.09.2020 से प्रभावी होंगे** ।

2. यदि उपरोक्त अधिकारी को ए.सी.पी./एम.ए.सी.पी.स्कीम के अंतर्गत 9300-34800/- रू. के वेतनमान में 4200/- रू. के ग्रेड पे सहित (छठा वेतन आयोग) (जो कि सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 6 है) पहले ही वित्तीय अभिवृद्धि प्रदान कर दी गई है, तो उन्हें कोई वित्तीय लाभ की अनुमति नही होगी परन्तु उनका वेतन सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 6 में निर्धारित होगा । यदि पहले वित्तीय लाभ नहीं मिला है तो उनके वेतन का निर्धारण सातवें वेतन आयोग के प्रावधानों के आधार पर होगा । उनके वेतन का निर्धारण एफ.आर.22(1)(क)(1) के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित किया जाएगा तथा वे इस आदेश की प्रभावी होने की तिथि के 30 दिन के भीतर एफ.आर.22(1)(क)(1) के प्रावधानों के अनुसार अपने वेतन निर्धारण के विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं ।

3. नायब तहसीलदार के पद पर **श्री करन सिंह सुपुत्र श्री टीका राम** की पदोन्नति के परिणामस्वरूप सक्षम अधिकारी ने उन्हें भूमि प्रबंधन (समन्वय) विभाग में आगे की तैनाती के लिए रिपोर्ट करने का आदेश दिया है ।

4. उन्हें आगे कार्यभार ग्रहण करने की सूचना की एक प्रति उप निदेशक (कार्मिक)-4 को भेजते हुए अपने संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया जाता है ।

(धर्मेन्द्र शर्मा)
उप निदेशक (गोपनीय शाखा)

सं.-एफ.10(12)2020/सी.सी./ 540 दिनांकः- 31/8/2020

प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. प्रधान आयुक्त (भूमि प्रबंधन), दि.वि.प्रा. के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
2. आयुक्त (कार्मिक), दि.वि.प्रा. के निजी सचिव ।
3. निदेशक (कार्मिक) - 2 / सतर्कता 1 - 2 / भूमि प्रबंधन - 1 एवं मुख्यालय, दि.वि.प्रा. ।
4. उप निदेशक (कार्मिक)-4 / सतर्कता(प्रशा.) / आरक्षण कक्ष / भूमि प्रबंधन (उत्तरी क्षेत्र)/ भूमि प्रबंधन (समन्वय) दि.वि.प्रा.।
5. उप निदेशक (प्रणाली), दि.वि.प्रा. की वेबसाइट पर डालने हेतु (About us->Organisation->Personnel->Promotions 2020)
6. सहायक निदेशक (कार्मिक)-4 / पी.आई.एम.एस. / गोपनीय कक्ष - 2, दि.वि.प्रा. ।
7. संबंधित लेखाधिकारी (संस्था.) अराजपत्रित, दि.वि.प्रा. ।
8. उक्त उल्लिखित अधिकारी ।
9. व्यक्तिगत फाइल / संस्थापना आदेश पुस्तिका / गार्ड फाइल ।

(हरीश शर्मा)
सहायक निदेशक